बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

पत्रांक–07 / प्र०–01(पें०)–36 / 2024– पटना / दिनांक–

प्रेषक,

चन्दन कुमार मिश्र,
उप सचिव–2 (प्रबंधन)।

सेवा में,

महालेखाकार (ले० एवं ह०),
वीरचन्द पटेल पथ, बिहार, पटना।

विषयः– श्री सीताराम श्रीधर (आई०डी०–4771), सेवानिवृत्त कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन कार्य प्रमंडल–01, छपरा के पक्ष में पूर्ण पेंशन (पूर्व स्वीकृत 90% औपबंधिक पेंशन को समायोजित करते हुए "10% पेंशन की कटौती 01 वर्ष के लिए का दंड सहित) एवं पूर्ण उपदान की स्वीकृति।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संदर्भ में कहना है कि सरकार ने श्री सीताराम श्रीधर (आई०डी०–4771), सेवानिवृत्त कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन कार्य प्रमंडल–01, छपरा के पक्ष में पूर्ण पेंशन (पूर्व स्वीकृत 90% औपबंधिक पेंशन को समायोजित करते हुए "10% पेंशन की कटौती 01 वर्ष के लिए का दंड सहित) एवं पूर्ण उपदान की स्वीकृति प्रदान करने का निर्णय लिया है। इनकी सेवानिवृत्ति की तिथि दिनांक 31.01.2022 है। उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर सूचित करना है कि श्री श्रीधर के जिम्में गृह निर्माण अग्रिम / मोटरकार / मोटरसाईकिल अग्रिम, विवाह, विविध एवं कम्प्यूटर अग्रिम बाकी / बेबाकी शून्य है, फिर भी आप अपने अभिलेखों से इसकी सम्पुष्टि कर लेंगे। प्रतिवेदन के अनुसार विभागीय बकाया शून्य है एवं आवासीय बकाया अप्राप्त है। विदित हो कि पूर्व में श्री श्रीधर को विभागीय पत्रांक–1523 दिनांक 18.05.2023 द्वारा 90% औपबंधिक पेंशन की स्वीकृति प्रदान की गयी है, जिसके क्रम में श्री रजक के पक्ष में निर्गत पी०पी०ओ० संख्या–202311111049P0 है।

अतः अनुरोध है कि श्री सीताराम श्रीधर, सेवानिवृत्त कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन कार्य प्रमंडल–01, छपरा के नाम से वांछित प्राधिकार पत्र निर्गत करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन,
ह० / –
(चन्दन कुमार मिश्र)
उप सचिव–2 (प्रबंधन)।

ज्ञापांक–07 / प्र०–01(पें०)–36 / 2024– पटना / दिनांक–

प्रतिलिपिः– कोषागार पदाधिकारी, जिला कोषागार, समस्तीपुर को प्रेषित करते हुए प्रमाणित करना है कि श्री सीताराम श्रीधर, सेवानिवृत्त कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन कार्य प्रमंडल–01, छपरा को पूर्व में विभागीय पत्रांक–1523 दिनांक 18.05.2023 द्वारा 90% औपबंधिक पेंशन स्वीकृत है।

ह० / –
उप सचिव–2 (प्रबंधन)।

ज्ञापांक–07 / प्र०–01(पें०)–36 / 2024– 4813 पटना / दिनांक– 03/11/2026

प्रतिलिपिः– अवर सचिव, योजना एवं विकास विभाग, पटना / श्री सीताराम श्रीधर, मो०–मोरदीवा वार्ड नं०–02, डाकघर–मोरदीवा, थाना–समस्तीपुर (मुफस्सिल), जिला– समस्तीपुर, बिहार, पिन–848134, मो०–9934347194 को सूचनार्थ प्रेषित।

2. कार्यपालक अभियंता, आई०टी०, जल संसाधन विभाग, सूचना प्रावैधिकी केन्द्र, पटना को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

03/11/26
उप सचिव–2 (प्रबंधन)।